**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या : 2969**
**गुरुवार, 12 दिसंबर, 2024/21 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर**

## दिल्ली और हिंगोली के बीच हवाई यात्रा सेवा

**2969. श्री नागेश बापुराव अष्टिकर पाटिलः**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को जानकारी है कि दिल्ली और हिंगोली, महाराष्ट्र के बीच कोई सीधी उड़ान सेवा नहीं है, जिससे उक्त क्षेत्र से आने-जाने वाले निवासियों, व्यवसायियों और पर्यटकों को असुविधा होती है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का दिल्ली और हिंगोली के बीच हवाई यात्रा सेवाएं शुरू करने के लिए उड़ान योजना या किसी अन्य योजना के तहत कोई प्रस्ताव है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और ऐसी सेवाएं शुरू करने के लिए क्या समय-सीमा तय की गई है?

**उत्तर**
**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क) से (ग)**:** उड़ान योजना दस्तावेज में बोली प्रक्रिया के लिए हिंगोली को असेवित हवाईपट्टियों की सूची में शामिल नहीं किया गया है।

योजना के प्रावधान के अनुसार, बोली प्रक्रिया के लिए उपलब्ध हवाईपट्टियों की सूची को राज्य सरकारों के परामर्श से अंतिम रूप दिया जाता है। यदि महाराष्ट्र सरकार हिंगोली हवाईपट्टी को चिह्नित करती है और उड़ान योजना के तहत इसे शामिल करने का अनुरोध प्रस्तुत करती है, तो बोली प्रक्रिया के लिए इस पर विचार किया जा सकता है।

*****